# विद्या भारती

## संकुल संवाद

मई 2026

"सा विद्या या विमुक्तये"

वैशाख-ज्येष्ठ / विक्रम संवत 2083

**2026-27 में CBSE स्कूलों में कक्षा 6 से 9 हेतु NEP 2020 के अनुसार 3-भाषा नीति का क्रियान्वयन**



# 2026-27 में CBSE स्कूलों में कक्षा 6 से 9 हेतु NEP 2020 के अनुसार 3-भाषा नीति का क्रियान्वयन

## CBSE की अध्ययन योजना में तीन-भाषा नीति की प्रमुख विशेषताएँ:

1. CBSE की तीन-भाषा नीति पूरी तरह से NEP 2020 और NCF 2023 के अनुरूप है।
2. यह एक लचीली, समावेशी, गैर-थोपने वाली, भविष्योन्मुखी, परिवर्तनकारी और एकता लाने वाली भाषा नीति है, जिसका मकसद 'विकसित भारत 2047' की ज़रूरतों को पूरा करना है।
3. इस नीति के तहत कोई भी एक भाषा अनिवार्य नहीं है।
4. नीति में कहा गया है कि तीन भाषाओं में से दो भाषाएँ भारत की मूल भाषाएँ होनी चाहिए। इस शर्त के कई कारण हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में, छात्र घर पर एक भाषा, अपने आस-पास दूसरी, स्कूल में तीसरी और बाज़ार में कोई और भाषा बोल सकते हैं। भविष्य में उन्हें काम की जगह पर भी अलग-अलग भाषाओं की ज़रूरत पड़ सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए, छात्रों को कई भाषाओं में बातचीत करने की काबिलियत से लैस किया जाना चाहिए। इसलिए, उन्हें कम से कम दो भारतीय भाषाएँ सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
5. लोग नौकरी, उच्च शिक्षा और दूसरे मौकों के लिए भारत के भीतर ही एक भाषाई क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आज़ादी से आते-जाते रहते हैं। इससे ज़्यादा भारतीय भाषाएँ सीखना ज़रूरी और फायदेमंद हो जाता है।
6. जिस व्यक्ति को पहले से ही एक भारतीय भाषा आती है, उसके लिए दूसरी भारतीय भाषा सीखना किसी विदेशी भाषा या भारत की मूल भाषा न होने वाली भाषा को सीखने जैसा नहीं होता। भारतीय भाषाओं में कई बातें एक जैसी होती हैं, जैसे कि ध्वनि-व्यवस्था, वाक्य-रचना, शब्द-भंडार के तरीके और सांस्कृतिक संदर्भ। इसलिए, ज़्यादा भारतीय भाषाएँ सीखने को छात्रों पर एक अतिरिक्त बोझ के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।
7. स्कूल जाने वाले बच्चों में नई भाषाएँ एक साथ और आसानी से सीखने या समझने की स्वाभाविक काबिलियत होती है। इसलिए, ज़्यादा भाषाएँ सीखना—खास तौर पर भारतीय भाषाएँ—एक बोझ नहीं माना जाना चाहिए।
8. दूसरी भारतीय भाषा सीखने में जो मुश्किल आती है, वह किसी विदेशी भाषा या भारत की मूल भाषा न होने वाली भाषा को सीखने की तुलना में बहुत कम होती है।
9. भारत के किसी भी शहर या गाँव में, लोग आम तौर पर एक बहुभाषी माहौल में रहते हैं। इससे ज़्यादा भारतीय भाषाएँ सीखने के लिए एक अच्छा माहौल बनता है।
10. CBSE स्कूलों के छात्र पहले से ही कक्षा VI, VII और VIII में तीन भाषाएँ सीख रहे हैं। CBSE की मौजूदा नीति का मकसद इस चलन को क्लास X तक जारी रखना है।
11. बहुत कम संख्या में छात्र—ज़्यादातर बड़े शहरों के कुछ जाने-माने स्कूलों में—विदेशी भाषाएँ चुनते हैं। इस नीति के तहत वे उन भाषाओं को एक अतिरिक्त भाषा के तौर पर पढ़ना जारी रख सकते हैं।
12. CBSE द्वारा दी जाने वाली वैकल्पिक भाषाओं की सूची दुनिया के किसी भी स्कूल शिक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी सूचियों में से एक है। यह छात्रों को अपने स्कूली दिनों में अलग-अलग भाषाएँ सीखने का एक कीमती मौका देती है।
13. ज़्यादातर राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड क्लास VI से क्लास X तक तीन भाषाएँ पढ़ाते हैं, जिनमें छात्र अंग्रेज़ी के साथ-साथ दो भारतीय भाषाएँ पढ़ते हैं। CBSE भी इसी पैटर्न को अपना रहा है।
14. CBSE ने उन चुनौतियों पर ध्यान दिया है जिनका सामना स्कूलों को इस नीति को लागू करते समय करना पड़ सकता है, और 15.05.2026 को जारी अपने सर्कुलर में, स्कूल-स्तर की अलग-अलग तरह की मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए, व्यावहारिक समाधान सुझाए हैं।
15. किसी भी एक भाषा को किसी दूसरी भारतीय भाषा से ज़्यादा अहमियत नहीं दी गई है और न ही किसी पर कोई भाषा थोपी गई है।
16. पूरी जानकारी CBSE की वेबसाइट www.cbseacademic.nic.in पर उपलब्ध है, और सर्कुलर इस लिंक से देखा जा सकता है: https://cbseacademic.nic.in/.../2026/33_Circular_2026.pdf
17. यह नीति कई भाषाओं में सीखने को बढ़ावा देती है और छात्रों को एक से ज़्यादा भाषाओं में ज़्यादा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद करती है।
18. स्कूल आसानी से बदलाव कर सकते हैं, क्योंकि कई छात्र पहले से ही अंग्रेज़ी, ओडिया और कोई दूसरी भारतीय भाषा—जैसे हिंदी या संस्कृत—पढ़ते हैं।

19. यह नीति भारतीय भाषाओं को मज़बूत बनाती है, क्योंकि यह पक्का करती है कि छात्र कम से कम दो भारतीय भाषाएँ ज़रूर सीखें।

20. छात्रों को शायद ही किसी रुकावट का सामना करना पड़े, क्योंकि राज्य में विदेशी भाषाएँ चुनने वाले छात्रों की संख्या बहुत कम है।

21. जिन स्कूलों की क्षेत्रीय भाषाओं पर अच्छी पकड़ है, वे अपने मौजूदा भाषा-ढाँचे को बिना किसी बड़े बदलाव के जारी रख सकते हैं।

22. यह नीति छात्रों को अपनी स्थानीय भाषा, संस्कृति और पहचान से जुड़े रहने में मदद करती है।

23. CBSE ने तीसरी भाषा सीखने की शुरुआत करने वाले छात्रों को क्लास VI के स्तर की किताबों से पढ़ाई शुरू करने की छूट देकर इस बदलाव को और भी आसान बना दिया है।

24. अभी क्लास IX में पढ़ रहे छात्रों के लिए नई R3 भाषा का मूल्यांकन स्कूल के अंदर ही किया जाएगा, जिससे बोर्ड परीक्षा का दबाव कम होगा।

25. तीसरी भाषा में छात्रों का प्रदर्शन CBSE प्रमाणपत्र में भी दर्शाया जाएगा, जिससे उनके भाषा सीखने के प्रयास को मान्यता मिलेगी।

26. यह नीति अन्य शैक्षणिक विषयों के साथ-साथ भाषाई कौशल को भी महत्व देकर संतुलित शिक्षा को बढ़ावा देती है।

27. यह नीति सभी राज्यों, सभी भाषाई पृष्ठभूमि और समाज के सभी वर्गों के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

28. यह नीति भारत की भाषाई विविधता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है और उसे सुदृढ़ बनाती है।

29. यह नीति छात्रों को भारतीय भाषाओं में संरक्षित विविध ज्ञान प्रणालियों तक पहुँचने में सक्षम बनाती है।

# पंचपदी अधिगम पद्धति प्रशिक्षण कार्यशाला




नाहरलागुन (अरुणाचल प्रदेश) | अरुणाचल शिक्षा विकास समिति द्वारा एएसवीएस प्रशिक्षण केंद्र, पाचिन कॉलोनी में “विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र पंचपदी अधिगम पद्धति प्रशिक्षण कार्यशाला” का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिंद चंद्र महंत जी, उपाध्यक्ष श्री दूसी रामकृष्ण राव जी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में पूर्वोत्तर राज्यों के मास्टर ट्रेनर्स भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचपदी अधिगम पद्धति को सुदृढ़ कर शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह प्रशिक्षण विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यवहारिक सत्रों के साथ चला।



# लद्दाख में छात्रावास का लोकार्पण



जंस्कार (लद्दाख) । भारतीय विद्या निकेतन, अब्राहन में विद्या भारती के संगठन मंत्री श्री गोबिंद चंद्र महंत जी तथा महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी ने नव-निर्मित छात्रावास का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर लद्दाख के राष्ट्रीय महत्व को दृष्टिगत रखते हुए समाज की सज्जन शक्ति से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग हेतु आह्वान किया गया।

दुर्गम हिमालयी क्षेत्र लेह-लद्दाख में विद्या भारती मूल्यपरक, संस्कारयुक्त एवं वैश्विक दृष्टि से युक्त शिक्षा का प्रकाश प्रसारित कर रही है।








इस अवसर पर आयोजित “संस्कारक्षम शिक्षा के तीन स्तम्भ — अध्यापक, माता-पिता एवं समाज” विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है।

वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि जब विद्यालय, परिवार और समाज समन्वित रूप से कार्य करते हैं, तभी संस्कारित, सक्षम, आत्मविश्वासी एवं राष्ट्रनिष्ठ पीढ़ी का निर्माण संभव होता है। विद्या भारती इसी समग्र शिक्षा दर्शन को लेकर देश के सुदूर एवं सीमांत क्षेत्रों में भी निरंतर कार्य कर रही है।

# एटीएल कम्युनिटी वीक 2026

## विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा

नई दिल्ली | विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा तक देशभर के अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) में “एटीएल कम्युनिटी वीक 2026” का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, तकनीकी कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्री श्री देशराज शर्मा एवं संगठन मंत्री श्री गोबिंद चंद्र महंत जी द्वारा किया गया।






सप्ताहभर चले इस आयोजन में बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजाइन थिंकिंग, पेटेंट जागरूकता, AR/VR, रास्पबेरी पाई एवं मोबाइल ऐप डेवलपमेंट जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। समापन दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने नवाचार प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए और समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर अटल इनोवेशन मिशन की श्रीमती अरुणिमा थापा भी उपस्थित रहीं। यह आयोजन विद्यार्थियों को तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता हुआ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# चन्दन चौकी में 'महाराणा प्रताप छात्रावास' का लोकार्पण

## नवाचार के साथ संस्कारयुक्त वातावरण देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः गोबिन्द जी

चन्दन चौकी (लखीमपुर-खीरी)। भारत-नेपाल सीमा स्थित जनजातीय क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चन्दन चौकी में नवनिर्मित 'महाराणा प्रताप छात्रावास' का भव्य लोकार्पण सम्पन्न हुआ।

छात्रावास का लोकार्पण श्री चाँद बिहारी पटोडिया जी, श्री राजेन्द्र प्रसाद खेतान जी एवं श्री यतीन्द्र कुमार शर्मा जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती के संगठन मंत्री श्री गोविन्द चन्द्र महन्त जी ने संस्कारयुक्त शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्रों के साहसिक प्रदर्शन एवं थारू जनजाति के पारंपरिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। यह छात्रावास सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।





# विद्या भारती उत्तर क्षेत्र की क्षेत्रीय साधारण सभा बैठक

नौणी (सोलन)। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र की क्षेत्रीय साधारण सभा बैठक हिमाचल प्रदेश के नौणी (सोलन) में उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया जी की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। उद्घाटन सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर स्किल एजुकेशन डॉ. इंद्रदेव जी ने शिक्षा में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक में उत्तर क्षेत्र के वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 का विमोचन भी किया गया।

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू- कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश के कार्यकर्ता बैठक में सहभागी हैं, जहाँ विभिन्न शैक्षिक कार्यों की समीक्षा एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।




# कनोई में नवीन विद्यालय का भूमि पूजन संपन्न

कनोई। विद्या भारती द्वारा संचालित नवीन विद्यालय "श्रीमती चांदी देवी आदर्श विद्यामंदिर" के भूमि पूजन समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय भवन निर्माण का संकल्प भामाशाह श्री गुमानाराम सुथार परिवार द्वारा लिया गया। समारोह में पूज्य संतों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्या भारती के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा विद्या भारती की संस्कारयुक्त शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डाला गया।



# जनजातीय क्षेत्र आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का सफल समापन



रांची। विद्या भारती जनजातीय क्षेत्र शिक्षा, झारखंड द्वारा आयोजित सरस्वती शिक्षा केंद्र आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का कुदलुम स्थित आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय में सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थी बहनों ने जनजातीय एवं ग्रामीण जीवन पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

प्रशिक्षण वर्ग में 254 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें झारखंड के 235 केंद्रों से आचार्य-बहनें शामिल रहीं। कार्यक्रम में देवव्रत पाहन एवं ब्रह्माजी राव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास सत्रों के साथ-साथ "संघर्ष से सफलता" तथा शिशु स्वास्थ्य विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं संस्कारवर्धक सिद्ध हुआ।

# नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में महामंत्री जी का मार्गदर्शन

बिसौली। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय "नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग" के द्वितीय दिवस पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके साथ ब्रज प्रांत के संगठन मंत्री श्री हरिकिशन जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री देशराज शर्मा जी ने प्रशिक्षणार्थी आचार्यों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए शिक्षा, संस्कार एवं शिक्षक की भूमिका से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।



# पूर्व छात्र विवेक पंड्या ने नेपाल के Annapurna Circuit और Thorong La Pass का सफल ट्रेक पूरा कर बढ़ाया मान

विद्यानिकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोकुलपुरा के पूर्व छात्र विवेक पंड्या ने अपने साथी सार्थक चौबीसा के साथ नेपाल के 5416 मीटर ऊँचे Thorong La Pass का सफल समिट कर 100+ किमी लंबा कठिन ट्रेक पूरा किया। Tilicho Lake तक पहुँची इस साहसिक यात्रा के दौरान दोनों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में अद्भुत साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया।






**थोरोंगला दर्रे पर लहराया परचम, वागड़ के दो युवाओं ने पूरा किया अन्नपूर्णा सर्किट ट्रैक**

धंबोला। वागड़ क्षेत्र के दो युवाओं ने नेपाल के प्रसिद्ध अन्नपूर्णा सर्किट ट्रैक को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इनमें विवेक पंड्या धंबोला तथा बांसवाड़ा निवासी सार्थक चौबीसा शामिल हैं। दोनों ने 11 मई को करीब 5416 मीटर ऊंचे थोरोंगला दर्रे का सफल आरोहण किया। इस अभियान के दौरान दोनों ट्रेकर्स ने विश्व की सबसे ऊंची झीलों में शामिल तिलिचो झील तक भी कठिन ट्रैक पूरा किया। अभियान में दोनों युवाओं ने 100 किलोमीटर से अधिक का दुर्गम पैदल सफर तय किया।

विवेक पंड्या इससे पहले चादर ट्रैक, एवरेस्ट बेस कैंप तथा आइसलैंड पीक आरोहण जैसे कई अभियानों को पूरा कर चुके हैं। दोनों ने कहा कि उनका लक्ष्य दुनिया की 7000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियों को फतह करना है।

# मतदाता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल)। आगामी चुनावों के दृष्टिगत चुनाव आयोग द्वारा शारदा विद्या मंदिर (हाई स्कूल), हेमताबाद में मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 प्रतिशत मतदान, प्रातःकाल मतदान तथा भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव के प्रति जनजागरण किया गया। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वक्ताओं ने मतदान को प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य बताते हुए सभी से लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।




# रायगंज संकुल की विशेष बैठक संपन्न




रायगंज (उत्तर दिनाजपुर)। विद्या भारती उत्तर बंग प्रांत के अंतर्गत रायगंज संकुल की विशेष बैठक शारदा शिशु/विद्या मंदिर, तुलसीपाड़ा (रूपाहार) में संपन्न हुई। बैठक में संकुल के प्रधानाचार्यों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में विद्या भारती के संगठन मंत्री श्री गोविंद चन्द्र महन्त जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता श्री जगन्नाथ दास जी ने की। इस अवसर पर श्री रमाकांत महन्त जी सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# शिक्षा विकास समिति, ओडिशा की साधारण सभा संपन्न




कटक। शिक्षा विकास समिति, ओडिशा की दो दिवसीय साधारण सभा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कटक में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उद्घाटन सत्र में श्री समीर कुमार मोहंती (संघचालक, आरएसएस ओडिशा पूर्व प्रांत) ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया, जबकि समापन समारोह में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, शिशु वाटिका विस्तार, संगठन की स्वर्ण जयंती, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पूर्व छात्र परिषद, शोध, खेल, विज्ञान तथा वार्षिक बजट सहित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

सभा में 279 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और आगामी शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।



# विद्या भारती प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री से की भेंट



ईटानगर। विद्या भारती के प्रतिनिधिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री चाउना मीन जी से शिष्टाचार भेंट कर राज्य में संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत जी, उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी, एएसवीएस के सचिव श्री तुमगे लोलन तथा राज्य समन्वयक श्री सुकुमारन के. शामिल रहे।

बैठक में उत्तर-पूर्व क्षेत्र में संचालित शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। वर्तमान में विद्या भारती 648 विद्यालयों एवं एक विश्वविद्यालय के माध्यम से सेवा कार्य कर रही है। विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर बल दिया गया, जहाँ एएसवीएस द्वारा 33 औपचारिक एवं अनौपचारिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

# भारतीय विद्यानिकेतन राज्य सभा 2026 का शुभारंभ




कोल्लम (केरल)। अमृता इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में भारतीय विद्यानिकेतन राज्य सभा 2026 का शुभारंभ केरल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मोहनन कुन्नुम्मल द्वारा किया गया। उन्होंने भारतीय शिक्षा पद्धति की प्रासंगिकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत जी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर 'विकासयात्रा' पुस्तक तथा भारतीय विद्यानिकेतन संगीत पाठ्यक्रम पुस्तक का विमोचन किया गया। अधिवेशन में शिक्षा के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श के साथ राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।



# विद्या भारती सिक्किम द्वारा सिंगताम में विशेष बैठक

सिंगताम (सिक्किम)। विद्या भारती सिक्किम के तत्वावधान में 25 मई 2026 को सिंगताम बाजार में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री बसंत कुमार अग्रवाल जी ने की। बैठक में संगठनात्मक कार्यों के विस्तार, संस्कार केंद्रों के प्रभावी संचालन तथा स्थानीय नागरिकों को विद्या भारती के उद्देश्यों से जोड़ने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में विद्या भारती सिक्किम की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।



# पचेयखानी में सौर ऊर्जा प्रणाली का शुभारंभ




पाकयोंग (सिक्किम)। पचेयखानी स्थित सरस्वती विद्या निकेतन में स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली का शुभारंभ किया गया। यह परियोजना रिन्यू (ReNew) के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) कार्यक्रम के अंतर्गत तथा एम/एस खाटू श्याम एंटरप्राइजेज, नई दिल्ली के सहयोग से स्थापित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री सुकदेव भंडारी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना से विद्यालय में विद्युत व्यय में कमी आएगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा विद्यार्थियों में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता विकसित होगी। विद्यालय परिवार ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विद्या भारती आंध्र प्रदेश का आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न




नंदयाल (आंध्र प्रदेश)। विद्या भारती आंध्र प्रदेश के तत्वावधान में 1 से 16 मई 2026 तक श्री रामकृष्ण स्नातक एवं स्नातकोत्तर कॉलेज, नंदयाल में 15 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें फाउंडेशनल, प्रिपरेटरी, मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर के कुल 230 प्रशिक्षार्थियों (23 पुरुष एवं 207 महिलाएं) ने सहभागिता की।

उद्घाटन सत्र में विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. चामरथी उमा महेश्वर राव जी तथा पूर्व सांसद श्री ब्रह्मानंद रेड्डी जी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री दूसी रामाकृष्ण राव जी सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मार्गदर्शन प्रदान किया।



प्रशिक्षण वर्ग में शैक्षिक विषयों, पंचपदी पाठ्यक्रम लेखन, सैद्धांतिक एवं आधारभूत विषयों के साथ-साथ चित्रकला, हस्तकला, संगीत, नृत्य, नाटक एवं अन्य कलात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया।

# SESQ 2.0 : पूर्व क्षेत्रीय कार्यशाला संपन्न

बालेश्वर (ओडिशा)। 10 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित SESQ 2.0 पूर्व क्षेत्रीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. आनन्द राव जी तथा मानक परिषद के अखिल भारतीय संयोजक सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यशाला में सिक्किम, उत्तर बंग, दक्षिण बंग एवं ओडिशा प्रांतों के चयनित कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान गुणवत्ता संवर्धन, संगठनात्मक विकास एवं शैक्षिक मानकों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

# अखिल भारतीय खेल प्रशिक्षण वर्ग (हैंडबॉल) का उद्घाटन




देवास (मध्य प्रदेश)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली की योजना के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, मुखर्जी नगर, देवास में अखिल भारतीय खेल प्रशिक्षण वर्ग (हैंडबॉल) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय सहमंत्री श्री प्रकाशचंद्र धनगर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने प्रशिक्षार्थियों का आह्वान किया कि वे पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर खेल की बारीकियों को विद्यार्थियों तक पहुँचाएं तथा उन्हें श्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग केवल खेल कौशल विकसित करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास एवं संगठनात्मक चेतना को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अभियान है।

# प्रांतीय प्रधानाचार्य विकास एवं वित्त प्रबंधन वर्ग–2026

बेगमगंज (मध्य प्रदेश)। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित "प्रांतीय प्रधानाचार्य विकास वर्ग एवं वित्त प्रबंधन वर्ग–2026" का समापन एवं प्रकट समारोह सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, विवेकानंदपुरम्, बेगमगंज में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री श्री शिवप्रसाद जी रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना है।

समारोह में प्रशिक्षार्थियों द्वारा गण समता, योगासन, पिरामिड, व्यायाम योग एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।




वर्ग में नेतृत्व विकास, विद्यालय प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन एवं संस्कारमय शिक्षा जैसे विषयों पर प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंत में वर्ग संयोजक श्री गुरुचरण गौड़ जी ने आभार व्यक्त किया।

# दक्षता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

मध्य प्रदेश | शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार तथा आगामी शैक्षिक सत्र को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से परिषद के सभी प्राचार्यों एवं प्रधानाचार्यों की दक्षता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का उद्देश्य विद्यालयों की शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना, शिक्षण पद्धति में नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना रहा। इस पहल के माध्यम से शैक्षणिक नेतृत्व को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया।



# मेधावी अभिनन्दन 2026

## विद्या भारती उत्तर बंग

विद्या भारती उत्तर बंग द्वारा शताब्दी सदन, सिलीगुड़ी में आयोजित इस समारोह में 52 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुकांत मजूमदार जी (केंद्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा एवं DoNER) तथा विशिष्ट अतिथि श्री दिवाकर घोष जी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर अविरूप भद्र (698/700 अंक) ने पश्चिम बंगाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राज्य मेरिट में विद्या भारती के अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था की शैक्षिक गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा को पुनः प्रमाणित किया।




## शिक्षा विकास समिति, ओड़िशा




भुवनेश्वर में शिक्षा विकास समिति, ओड़िशा द्वारा आयोजित “मेधावी अभिनन्दन 2026” कार्यक्रम में सीएसआईआर-आईएमएमटी परिसर में दशम बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओड़िशा के विद्यालय एवं गणशिक्षा मंत्री श्री नित्यानन्द गण्ड, श्री श्रीकान्त तरई तथा विद्या भारती के महामंत्री श्री देशराज शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 588 अंक प्राप्त कर राज्य के संयुक्त टॉपर बने पार्थसारथि महान्त एवं अन्वेष पात्र सहित अनेक मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया।

## विद्या भारती राजस्थान



जयपुर । माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान 2026 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों ने विद्या भारती विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को पुनः सिद्ध किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पूज्य श्री 108 ओमदास जी महाराज का सान्निध्य तथा राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर जी की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविन्द चन्द्र महन्त ने शिक्षा में नैतिकता, संस्कार एवं भारतीय संस्कृति के समावेश पर बल दिया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 47 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा लगभग 1300 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।



# उपलब्धियां


GITA VID
GO
Gohana
Congratulations!
12th RESULT
PROUD ACHIEVEMENT IN CLASS 12th
ARTS
PERCENTAGE
98.4%
1st POSITION IN GOHANA
2nd POSITION IN DISTRICT


सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर का शान
प्रिंस राव 97 प्रतिशत अंक लाकर किया जिला टॉप


सीबीएसई 12वीं में 88.86% के साथ छात्राओं ने फिर मारी बाजी
85.20 प्रतिशत विद्यार्थी सफल छह वर्षों में सबसे कम
82.13


10वीं के नतीजों में
गोहाना की बिटिया का जलवा
मनस्वी ने 99% अंक
हासिल कर जिले में किया टॉप
haryana.punjabkesari.in
पंजाब केसरी


विद्या भारती हिमाचल प्रदेश
(हिमाचल शिक्षा समिति)
द्वारा संचालित
सरस्वती विद्या मन्दिर आनी
जिला कुल्लू (हि.प्र.)
हार्दिक बधाई
प्रदेश मेरिट 9वां स्थान
कुल अंक 691 700 में से 98.71%
निधि ठाकुर
बहुत-बहुत बधाई!


भारती हिमाचल प्रदेश
(हिमाचल शिक्षा समिति)
द्वारा संचालित
स्वती विद्या मन्दिर हटगढ़
जिला मण्डी (हि.प्र.)
प्रदेश मेरिट 5वां स्थान
कुल अंक 695 700 में से 99.29%
दीक्षा
देश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला की मेरिट सूची में
में से 695 अंक (99.29%) हासिल कर
ांचवा स्थान प्राप्त करने पर
बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए
र्दिक मंगलकामनाएं!


असम हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में
विद्या भारती के छात्रों ने लहराया परचम
विद्या भारती
असम में प्रथम स्थान
591 अंक
ज्योतिर्मय दास
शंकरदेव शिशु निकेतन, पाटाचारकुचि


HARATI
DELHI PRANT
CLASS X BOARD RESULT - OVERALL PASS PERCENTAGE
SSD SBM, Punjabi Bagh 100%
SBM, Rajouri Garden 100%
SBM, Lajpat Nagar 100%
GLT,SBM Nehru Nagar 99.41%
Geeta Bal Bharti 99%
MCL, Hari Nagar 98.99%
Delhi Prant 98.99%
Lalit Mahajan SVM, Vasant Vihar 98.70%
RR Gita , Sultanpuri 98.65%
KLK SBM, Mehrauli
MHDC SBM,JanakPuri 97.44%
Shishu Bharti, Gandhi Nagar 96.55%
RATULATE ALL OUR SCHOOL
UTSTANDING PERFORMANCE AND
ENT TO EXCELLENCE.
Zero Failures in Session 2025-26.
मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा में
विद्याभारती के विद्यालयों के 12वी में
7 विद्यार्थी और 10वीं में 32 विद्यार्थी
प्रदेश स्तर की प्रावीण्य सूची में आये
अभिनंदन बधाई


दूरभाष : 0141-2653386
Email : vbrajasthan@rediffmail.com
विद्या भारती राजस्थान
सेवाधाम, जवाहरनगर, सेक्टर-4, जयपुर-302004
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा घोषित वर्ष 2026 के परीक्षा परिणामों में विद्या भारती की वरीयता सूची में कीर्तिमान बनाने वाले भैया-बहिनों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं
* द्वादशी *
* दशमी *
(98.00%) (97.60%) (97.80%) (96.00%) (99.40%) (98.60%) (98.60%)
(99.50%) (99.00%) (99.00%) (99.00%) (99.00%) (98.83%) (98.67%)
(98.67%) (98.67%) (98.50%) (98.50%) (98.50%) (98.50%) (98.33%)
(98.33%) (98.33%) (98.33%) (98.17%) (98.17%)
(98.00%) (98.00%) (98.00%) (98.00%) (98.00%)

# RAS (राजस्थान प्रशासनिक सेवा) परीक्षा में चयनित विद्या भारती के गौरव



# पूर्व छात्रा मध्यप्रदेश राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष नियुक्त



ग्वालियर। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, बादलगढ़ (ग्वालियर) की पूर्व छात्रा श्रीमती निवेदिता शर्मा जी को मध्यप्रदेश राज्य बाल आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



# पूर्व छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुल्लू। विद्या भारती हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर, लरांकेलो (जिला कुल्लू) की पूर्व छात्रा युवावती ने **AIIMS Nursing Officer** परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए **अखिल भारतीय स्तर पर 8वीं** रैंक हासिल की है।

# कराटे चैंपियनशिप में वैभवी पांडे ने जीता स्वर्ण पदक




रांची। गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्या मंदिर, रांची की छात्रा वैभवी पांडे ने झारखंड स्टेट सब-जूनियर एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कक्षा 6 की छात्रा वैभवी ने अंडर-12 आयु वर्ग में भाग लेकर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय के साथ-साथ पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

# इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्या भारती उत्तराखंड के पूर्व छात्रों की शानदार उपलब्धि




उत्तराखंड। विद्या भारती उत्तराखंड के पूर्व छात्र अजय देवरी एवं ललित कांडपाल ने IndiaSkills National Competition में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए Cyber Security श्रेणी में कांस्य पदक (Bronze Medal) प्राप्त किया है।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी तकनीकी दक्षता, समर्पण एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। देश के सबसे महत्वपूर्ण और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में से एक साइबर सुरक्षा में यह सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे विद्या भारती परिवार के लिए गौरव का विषय है।

**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान**

**प्रज्ञा सदन -जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर, नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065**

*www.vidyabharti.net I www.vidyabharatisamvad.com*

*Email : vbabss@yahoo.com I vbsamvad@gmail.com*

*Contact Us : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126*

@VidyaBharatiIN